पंजाब केसरी 08/04/2026

बौद्धिक संपदा अधिकार पर करवाया सैमीनार

अम्बाला, 7 अप्रैल (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के वाणिज्य विभाग द्वारा बौद्धिक संपदा अधिकार, आईपीआर विषय पर एक महत्वपूर्ण और ज्ञानवर्धक सैमीनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 50 स्टूडेंट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जो ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था में बौद्धिक संपदा के महत्व को समझने के प्रति उनकी गहरी रुचि को दर्शाता है। इस सैमीनार का उद्देश्य स्टूडेंट्स में बौद्धिक संपदा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और नवाचार एवं रचनात्मकता को सुरक्षित और प्रभावी तरीके से प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित करना था।

सैमीनार संस्थान के प्रिंसीपल डा. रोहित दत्त के कुशल मार्गदर्शन और प्रेरणादायक नेतृत्व में आयोजित किया गया। डा. दत्त ने कहा कि ऐसे सैमीनार स्टूडैंट्स के बौद्धिक और शैक्षणिक विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हमें गर्व है कि हमारे विद्यार्थी नवाचार और रचनात्मक सोच को सीखते हुए समाज में सकारात्मक योगदान देने के लिए तैयार हो रहे हैं।

सैमीनार में वाणिज्य विभाग के सह प्राध्यापक डा. सुरेन्द्र कुमार ने संसाधन व्यक्ति के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने आईपीआर के मूलभूत सिद्धांतों पर विस्तृत और ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किया।

अंत में प्रश्नोत्तर सत्र के माध्यम से स्टूडैंट्स ने अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया और पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क एवं डिजाइन संरक्षण से संबंधित समकालीन विषयों पर चर्चा की। सैमीनार के सफल संचालन में वाणिज्य विभाग की सहायक प्राध्यापक रीतिका और जस्मिता हांडा का विशेष योगदान रहा।

सैमीनार में उपस्थित प्राध्यापकगण व विद्यार्थी। (चंद्रमोहन)